विकसित भारत युवा संसद का होगा आयोजन

चूरू @पत्रिका. लोहिया महाविद्यालय में भारत सरकार, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से आयोजित विकसित भारत युवा संसद 2025 राष्ट्रीय महत्त्व के विषयों पर विमर्श में शामिल होने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए युवाओं के लिए एक राष्ट्रीय मंच है, जो युवाओं में नेतृत्व, नागरिक भागीदारी व नीतिगत चर्चा को बढ़ावा देता है जिससे छात्र प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करने में सक्षम हैं। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित यह कार्यक्रम माई भारत पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में 18 से 25 वर्ष के विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्ययनरत युवा ही भाग ले सकते हैं। लोहिया महाविद्यालय को राजस्थान के चार जिलों चूरू, झुंझुनूं, सीकर व नागौर का युवा संसद के आयोजन के लिए नोडल केन्द्र बनाया गया है। इस कार्यक्रम में पंजीकरण के लिए युवाओं को 'विकसित भारत से आप क्या समझते हैं' विषय पर एक मिनट का वीडियो बनाकर माई भारत पोर्टल पर विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर अपलोड करना होगा। इसकी समय सीमा 27 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक है। प्रत्येक नोडल केंद्र अपने अंतर्गत आने वाले जिलों से कुल 150 प्रतिभागियों का चयन वीडियो देखकर करेंगे।

ये 150 प्रतिभागी जिला स्तर पर लोहिया महाविद्यालय में आयोजित होने वाले फिजिकल राउंड में एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त करना विषय पर अपने विचार रखेंगे। प्रत्येक नोडल जिले से 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा। जिला एवं राज्य स्तर पर यह संपूर्ण कार्यक्रम राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, युवा कार्यक्रम और खेल विभाग, नेहरु युवा केंद्र संगठन व राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से संचालित किया जा रहा है।